हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 17 मई 2025
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

11 सामूहिक आदर्श विवाह में 28 जोड़े परिणय...



12 जनता की समस्या से रूबरू होने जनता के द्वार तक...



# महिला समूहों के माध्यम से कलेक्ट किए जा रहे पानी के सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मानसून के दौरान ग्रामीणों को स्वच्छ जलापूर्ति हो सके इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बरसात से पहले जल स्रोत जैसे हैंडपंप और नलों के पानी के सैंपल एकत्रित किए जा रहे हैं। अब तक 120 गांवों से लगभग 11 सौ से अधिक पानी के सैंपल लिए जा चुके हैं। 2025-26 में कुल 9297 पानी के सैंपल लेने का लक्ष्य रखा गया है। इस वर्ष केवल पानी में केमिकल की जांच की जाएगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार हर विकासखंड में लगभग 1860 सैंपल एकत्रित किए जाएंगे। महिला समूह के माध्यम से अप्रैल माह से सैंपल लेने का कार्य शुरू हो गया है। इस वर्ष केवल कैमिकल की जांच की जाएगी। पिछले साल बैक्टीरिया जांच पर प्रतिबंध लगा दिया गया था इसलिए 9000 सैंपल लेने का लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया था। पीएचई के प्रयोगशाला के प्रभारी अजय प्रजापति ने बताया कि पानी के सैंपल एकत्रित करने का लक्ष्य मिल गया है और अप्रैल माह से सैंपल लेने का कार्य भी शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि मानसून सीजन में पानी मटमैला आने, पानी बेस्वाद होने व हानिकारक तत्वों की शिकायतें ज्यादा आती हैं। लोग अपने-अपने घरों से भी पानी के सैंपल लेकर पहुंचते हैं। अमानक आने पर ही पानी को साफ करने व शुद्ध करने के प्रयास किए जाते हैं।



### अब तक 11 सौ से अधिक पानी के सैंपल ले चुके है विभाग

#### पानी की जांच महिला समूह के जरिए

श्री प्रजापति ने बताया कि हर साल पानी के सैंपल लेने का विभाग को केंद्र से ही लक्ष्य प्रदान किया जाता है। पिछले साल 27 हजार सैंपल लेने का लक्ष्य था। प्री मानसून टेस्ट के तहत 5 हजार सैंपल एकत्रित किए गए थे। हालांकि, दूसरे चरण के लिए कोई टारगेट नहीं आया था। इस वर्ष लक्ष्य कम आया है। सैंपल लेने का कार्य जारी है। जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई पानी टंकी से गांवों में पानी की सप्लाई की जा रही है, उसकी जांच के लिए महिला समूह बनाया गया है। इन महिलाओं को जल बहिनी के नाम से जाना जाता है। इसमें 6811 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। इन्हीं के द्वारा पानी के सैंपल लेने का कार्य जारी है।

#### विभिन्न परीक्षण

मालूम हो कि पानी की गुणवत्ता जांच के लिए भी विभिन्न प्रकार के परीक्षण किए जाते हैं। इसमें पीएच, मैलापन, क्लोराइड, लाइट्रेट, फास्फेट, आयरन आदि की जांच की जाती है। मिली जानकारी के अनुसार बैक्टीरिया की जांच प्रयोगशाला के लैब में ही किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पिथौरा में दो लोगों से अंग्रेजी शराब जब्त

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो लोगों के कब्जे से अंग्रेजी शराब जब्त किया है। पुलिस ने 15 मई को आरोपी मनीष धरडे पिता स्व. जागेश्वर धरडे (44 साल) रानीसागर पारा पिथौरा थाना पिथौरा के कब्जे से यूनिक लिखा हुआ 07 नग देशी शराब, 5 नग अंग्रेजी जम्मू शराब, 03 नग हंटर बीयर कुल कीमत 1,760/ रुपए को जब्त किया है। इसी तरह आरोपी मूलचंद सिन्हा पिता फूलसिंह सिन्हा (48 वर्ष) वार्ड नं 10 महल पारा पिथौरा के कब्जे से 18 नग देशी शराब कीमत 1440 रुपए को जब्त कर धारा 34(1) ए आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बैतारी में एक महिला के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को प्रार्थी भारत ने बताया कि 13 मई को घर में उसकी भाभी बांधवी प्रधान द्वारा शाम करीबन 5.30 बजे आपसी कहासुनी के बाद मां देवमति प्रधान के साथ गाली गलौज कर मारपीट की गई। सरायपाली पुलिस ने धारा 296,115(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### शराब पीने का साधन उपलब्ध कराने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम गढ़सिवनी के स्टैंड के पास ठेले में लोगों को शराब पीने-पिलाने साधन उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की गई। तुमगांव पुलिस ने आरोपी चोवाराम साहू पिता बेदराम साहू (29 साल) वार्ड नं. 3 यादवपारा गढ़सिवनी के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के छह घरों के ताले टूटे

**महासमुंद।** सरायपाली थाना अंतर्गत बीती रात अज्ञात चोरों ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के 4 और सरकारी अस्पताल के पीछे 2 घरों का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिन घरों के ताले टूटे हैं, उनमें पटवारी, आरक्षक, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के घर शामिल हैं। सूचना पर पुलिस और डॉग स्क्वाड की टीम मौके पर पहुंची और जांच कर रही है। चोरी की इस घटना में कितना नगद, आभूषण और अन्य सामान की चोरी हुई है इसकी जांच में जुटी है।

### वापसी: अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त, सोमवार से काम पर लौटेंगे पटवारी

# पेंड्रावन मारपीटकांड के 5 आरोपियों ने न्यायालय पहुंचकर दी गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

पटवारी के साथ मारपीट और दस्तावेजों को फाड़े जाने की घटना के 10 दिन के बाद आरोपियों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिए जाने के बाद पटवारियों की हड़ताल समाप्त हो गई। बता दें कि पटवारी संघ के साथ शासकीय कर्मचारी संगठन द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा था, और हाल ही में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शासन प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा गया था।

ग्राम पेंड्रावन में शासकीय कार्य के दौरान पटवारी के साथ मारपीट व दस्तावेज फाड़ने की गंभीर घटना के विरोध में बीते 10 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर पिथौरा तहसील परिसर में बैठे राजस्व पटवारी संघ ने अब अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है। बुधवार को पांच नामजद आरोपियों के व्यवहार न्यायालय में आत्मसमर्पण करने के बाद पटवारियों ने आंदोलन को विराम देते हुए कार्य पर वापसी की घोषणा की।

घटना 28 अप्रैल को हुई थी, जब पटवारी विनय कुमार पटेल ग्राम पेंड्रावन में सुशासन अभियान के तहत राजस्व संबंधी कार्य कर रहे थे। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने उनके साथ मारपीट की और शासकीय दस्तावेजों को क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले में थाना सांकरा में भारतीय न्याय संहिता की धारा 121(1), 127(2), 132, 190, 191(1), 221, 296, 324(2), 351(2) के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए थे।

राजस्व पटवारी संघ ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर 6 मई से पिथौरा तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की थी। संघ की यह एकजुटता और दबाव रंग लाया। बुधवार को आरोपी निरंजन नायक, यशवंत साहू, टिकेंद्र, मनोज साहू और तिरपन साहू ने व्यवहार न्यायालय पिथौरा में आत्मसमर्पण कर दिया। मिली जानकारी अनुसार इन सभी आरोपियों को जिला सत्र न्यायालय व छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत नहीं मिली थी, जिसके बाद उन्होंने समर्पण का रास्ता चुना। थाना सांकरा प्रभारी राणा सिंह ठाकुर ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से एक बोलेरो वाहन जब्त किया गया है, जिसका उपयोग घटना के दिन किया गया था। सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। फिलहाल तीन अन्य आरोपी अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

# सड़क किनारे खड़ी ट्रक को ठोका चालक के भतीजे की हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सड़क किनारे खड़ी ट्रक को पीछे से ठोकर मारे जाने की घटना में एक युवक की मौत हो गई। घटना राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 353 में लभरा और झालखम्हरिया के बीच हुई है। जिसमें चालक का भतीजा घूमने के उद्देश्य से ट्रक में बैठकर रायपुर के लिए रवाना हुआ था। रास्ते में फिंगेश्वर मोड़ के पहले यह हादसा हुआ, जिसमें चालक के भतीजे रवि पतराय की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेजा। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक ओडी 18 एल 7869 के चालक ने रायगढ़ा ओडिशा से पेपर लोड किया और रायपुर के लिए रवाना हुआ। चालक का भतीजा रमनापुरा जिला रायगढ़ा ओडिशा निवासी रवि पतराय घूमने के उद्देश्य से ट्रक में बैठ गया। सुबह करीब 5 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-353 के रास्ते रायपुर जाने के दौरान लभरा-झालखम्हरिया के बीच फिंगेश्वर मोड़ के पास सड़क किनारे खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 04 आर एल 8663 के पीछे के हिस्से से टकरा गया। जिससे ट्रक के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रत हो गया और रवि पतराय की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चालक को गंभीर चोटें आई है। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर कर दिया गया स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

# अज्ञात वाहन ने रौंदा, 3 गौवंश की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के कचहरी चौक में गुरुवार को

■ किया गया अंतिम संस्कार

आधी रात अज्ञात वाहन से कुचले जाने से दो गौवंशों की मौत हो गई। तेज रफ्तार वाहनें रात में खाली सड़क होने के चलते तेजी से गुजरती है, और इस दौरान सड़क में बैठे मवेशियों को दरकिनार करते हुए कुचलते हुए निकल जाने की यह पहली घटना नही है। पहले भी शहर के बीच रात में हुए ऐसे हादसों से कई गौवंशों की मौत हो चुकी है।

गौ सेवकों को इस बात की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे गौसेवकों ने अज्ञात वाहन से कुचले शव और घायल गौवंश को सड़क के किनारे रखा। कुछ देर बाद 3 गौवंश की मृत्यू होने की खबर के बाद नगर पालिका को जानकारी दी गई। बाद में गौ वंश एवं दो बछड़ों का विधिवत अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, राजेश डडसेना, घन्नू साहू, हिरेंद्र सोनी, चिंटू सोनी, जिगर कुमार, साहिल कुमार सहित जिला गौ सेवा प्रमुख सुमन सेंद्रे मौजूद रहे।


### रबी सीजन के धान की कटाई जोर-शोर से



**नर्रा।** क्षेत्र में ट्यूवेल साधन वाले किसान इन दिनों रबी धान फसल की कटाई जोर शोर से चल रहा था। लेकिन, बारिश के कारण कटाई कार्य बाधित है। मौसम ने अचानक करवट लेकर क्षेत्र में आंधी तूफान व गरज चमक के साथ तीसरे दिन भी बारिश हुई । दिन में तेज धूप व संध्या होते ही बारिश शुरू जाती है। इससे धान कटाई कार्य बाधित होने से किसान चिंतिंत है। खेत में पानी का ठहराव व मिट्टी नमी के कारण चेन वाले हार्वेस्टर की मांग बढ़ गई है। इधर, बंगाल की खाड़ी में हलचल होने से इस क्षेत्र में बुध, गुरु और शुक्रवार को भी गरज चमक के साथ अच्छी बारिश हुई। ज्ञात हो कि सप्ताहभर से मौसम में उतार चढाव जारी है। मौसम को लेकर किसान परेशान है। दूसरी ओर जो किसान पहले से धान की कटाई करा चुके वे किसान घर के सामने उपज को तिरपाल, पॉलीथिन से ढंक कर रखना पड़ रहा है। वहीं बाजार में धान का सही दाम नहीं मिलने से किसान बिचौलियों व कोचियों को प्रति क्विंटल 1600 सौ से 1700 सौ रुपये में धान बेचने को मजबूर हो रहे है।

# स्कूटी और बाइक में टक्कर, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पदमपुर रोड सरायपाली में स्कूटी और बाइक के बीच हुई टक्कर में दो लोग घायल हो गए। घटना को लेकर सरायपाली थाने में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है।पुलिस को प्रार्थी सचिन निवासी ग्राम खैरझिटकी ने बताया कि 12 मई को सरायपाली जय स्तंभ चौक आवश्यक काम से आया था। काम निपटा कर जय स्तंभ चौक के पास खडा था, तभी उसके गांव का आकाश कुम्हार आता दिखा। जिसके बाइक में प्लेटिना क्रमांक सीजी 06 जीडी 4446 में बैठ कर दोनों गांव जा रहे थे, दोपहर करीब 02.30 बजे शिवशंकर स्टोर्स के पास पदमपुर रोड सरायपाली में पहुंचे थे तभी कुटेला चौक की ओर से आ रही स्कूटी क्रमांक सीजी 06 एचबी 5897 के चालक लेख रंजन बी पात्रो के द्वारा तेज लापरवाहीपूर्वक चलाकर सामने से एक्सीडेंट करने से मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गया। एक्सीडेंट से बाइक चला रहे आकाश कुम्हार के बांये हाथ, उंगली, बांये पैर में चोट लगी है एवं प्रार्थी के दाहिने कंधे, दांये हाथ में चोट है। वहीं इसी घटना को लेकर दूसरे पक्ष की प्रार्थिया सुनयना निवासी वार्ड नं. 11 शिवशंकर कॉलोनी बाजारपारा ने रिपोर्ट लिखाई है कि 12 मई को उसका भाई लेखरंजन बी. पात्रो अपने घर से स्कूटी क्रमांक सीजी 06 एचबी 5897 से पदमपुर रोड की ओर जा रहा था कि शिवशंकर हार्डवेयर के पास सामने से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीडी 4446 के चालक आकाश कुमार के द्वारा तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर लेख रंजन बी पात्रो की स्कूटी को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसके भाई का हाथ एवं कंधा टूट गया है एवं नाक में गंभीर चोट लगी है। साथ ही स्कूटी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



## खबर संक्षेप




### शाह को बर्खास्त कर देशद्रोह का प्रकरण दर्ज करें

**रायपुर।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधो राम वर्मा ने मांग की है मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह पर राष्ट्रद्रोह का प्रकरण दायर कर मंत्री पद से बर्खास्त करें। शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादी की बहन बताकर पूरे सैनिकों और राष्ट्र का अपमान किया है। भाजपा का असली चेहरा इससे उजागर हुआ है। जिला कांग्रेस रायपुर के तिल्दा ब्लॉक में कांग्रेसजनों द्वारा विजय शाह का पुतला फूंका गया। वहीं तिल्दा थाना में उनके खिलाफ एफआई आर दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की गई। इस दौरान संचार विभाग के पूर्व चेयरमैन शैलेश नितिन त्रिवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष देवदास टंडन, लक्ष्मीनारायण वर्मा, नेता प्रतिपक्ष सोनू मार्कण्डेय, मोती हिंदुजा, सुनील सोनी, आशा यादव, अजितेश शर्मा, प्रकाश मेघानी, विजय हीरामणि, किट्टू नीरज राठी, गजानंद वर्मा सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### मंत्री शाह का बयान आपत्तिजनक, सोफिया देश की बेटी, देश का गौरव

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के मुख्य प्रवक्ता एवं अधिवक्ता भगवानू नायक ने मध्यप्रदेश के जनजातीय मंत्री विजय शाह द्वारा देश की वीरांगना बेटी कर्नल सोफ़िया कुरैशी के खिलाफ की गई अपमानजनक एवं धार्मिक रंग से युक्त टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, कर्नल सोफ़िया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व करते हुए पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। वह न केवल देश की बेटी, बल्कि देश की गौरव हैं। मंत्री शाह का बयान संविधान की शपथ के विपरीत है। उन्होंने कहा जिस मंत्री ने संविधान की रक्षा की शपथ ली है, वही यदि महिला अधिकारियों का अपमान करे, तो यह पद के अनुरूप नहीं है। उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश ने इस मामले में तत्काल एफ़आईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है, जो न्यायपालिका की सजगता का उदाहरण है। उन्होंने कहा, कर्नल सोफ़िया का साहस और समर्पण भारत माता की सेवा में एक स्वर्णिम अध्याय है।

### मेरा बाजार, स्वच्छ बाजार अभियान

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर द्वारा गुरूवार से राजधानी में 5 दिवसीय स्वच्छता जागरूकता अभियान मेरा बाजार, स्वच्छ बाजार अभियान की शुरूआत की गयी। महापौर मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर के निर्देश परस्वच्छ भारत मिशन शाखा ने यह अभियान चलाया। जोन-3 के काली माता वार्ड स्थित हाट बाजार में इस मौके पर विभिन्न जागरुकता गतिविधियां आयोजित की गईं। व्यापारियों को गंदगी ना फैलाने और प्लास्टिक उपयोग पर स्पॉट फाइन कार्यवाही की जानकारी दी गई। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री बाजार के लिए पोस्टर लगाए गए। स्थानीय व्यापारियों और आमजनता को कपड़े के थैले उपयोग में लाने के लिए जागरूक किया गया। पहल महिला स्वसहायता समूह के झोला-बैंक में महिलाओं द्वारा बनाए गए कपड़े के थैले जनता को वितरित किए गए।

### आयुष्मान कार्ड बनाने वार्डों में शिविर

**रायपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर निगम के 70 वार्डो में नागरिको की सुविधा के लिये आयुष्मान कार्ड और आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवाने शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वार्ड पार्षदों के नेतृत्व में लगाये गये शिविर में महापौर मीनल चौबे, आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवाने पर 70 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के नागरिको को 5 लाख रुपये तक निःशुल्क उपचार शासन द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी नागरिको का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के लिये राशन कार्ड अनिवार्य नहीं है केवल आधार कार्ड ले जाकर पंजीयन कराकर इस सुविधा का लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

# बार नवापारा को लैपर्ड सफारी बनाने तेंदुआ की गणना, विरोध होने पर कार्य रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन तथा वन्यजीवों की गणना के नाम पर वन अफसर अति उत्साहित होकर कार्य कर रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में बारनवापारा को लैपर्ड सफारी के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से बलौदाबाजार डीएफओ तेंदुआ की संख्या का पता लगाने कालेज छात्रों की मदद ले रहे हैं। विरोध होने पर छात्रों को प्रशिक्षण देने के बाद जंगल ले जाने का निर्णय वापस लिया गया।

तेंदुआ सेंसेस का कार्य 13 से 16 मई तक आयोजित किया गया था। इसके लिए वन्यजीव उत्साही छात्रों का चयन कर 13 मई को बलौदाबाजार बुलाकर प्रशिक्षण दिया गया। इसकी जानकारी मिलने पर वन्यजीव प्रेमियों ने यह कहते हुए विरोध किया कि जंगल में बगैर किसी सुरक्षा के छात्रों को जंगल में ले जाना उचित नहीं है, साथ ही वाइल्ड लाइफ एक्ट का हवाला देते हुए छात्रों को जंगल में ले जाने से रोकने पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर अग्रवाल सहित अन्य अफसरों को पत्र लिखा गया, तब छात्रों को बारनवापारा के जंगल में ले जाने का निर्णय वापस लिया गया।

### वन्यजीव कर्मियों को गणना में लगाया गया

गर्मियों में जमीन सख्त हो जाती है, ऐसे में वन्यजीवों का पग मार्क मिलना मुश्किल है। ट्रैप कैमरा के माध्यम से वन्यजीवों के बारे में जानकारी मिल सकती है। गर्मी के दिनों में वन्यजीव ज्यादातर समय अपने मांद में रहते हैं। वन्यजीव शाम ढलने के बाद पानी की तलाश में अपनी मांद से निकलते हैं और सुबह सात बजे तक जंगल में विचरण करते हैं। इस बात को देखते हुए वनकर्मियों को लैपर्ड सेंसेस कार्य में लगाया गया है।

### बगैर किसी सुरक्षा के वन्यजीव उत्साही छात्रों को गणना के लिए जंगल ले जाने की थी तैयारी



*हिंसक वन्यजीवों का डेरा :* बारनवापारा में वर्तमान में भालू के साथ हिंसक वन्यजीवों में तेंदुआ तथा बायसन बहुतायत में हैं। बगैर सुरक्षा के तेंदुआ की गणना करने छात्रों को जंगल में ले जाए जाने पर उनका हिंसक वन्यजीवों से आमना सामना होने का खतरा है। इस बात को लेकर भी वन्यजीव प्रेमियों ने लैपर्ड सेंसेस का विरोध किया था। क्षेत्र में शिकार की घटनाएं आम हैं, ऐसे में जंगल के किस भाग में किन-किन प्रजातियों के वन्यजीव हैं, इस बात की जानकारी शिकारियों तक आसानी से पहुंच सकती है।

*तीन दिन में संख्या का कैसे अनुमान :* तेंदुआ की गणना बाघों की तरह चार फेस में होती है। इसमें ट्रैप कैमरा लगाने के साथ कई अन्य तकनीकी का उपयोग किया जाता है। गणना का काम एक्सपर्ट द्वारा किया जाती है। जानकारों ने एक दिन के प्रशिक्षण में छात्रों के प्रशिक्षित होने पर सवाल उठाते हुए तेंदुआ सेंसेस का विरोध किया। हर फेस में गणना का कार्य 25 दिन का होता है।

### लैपर्ड सफारी के रूप में विकसित किया जा सकता है

बारनवापारा में तेंदुआ की संख्या ज्यादा होने की वजह से इसे लैपर्ड सफारी के रूप में विकसित किया जा सकता है। इसके लिए क्षेत्र में कितनी संख्या में तेंदुआ हैं, इसकी गणना की जा रही है। वन्यजीव उत्साही कालेज छात्रों को गणना के लिए प्रशिक्षण देने के लिए बुलाया गया था।

- धम्मशील गणवीर, डीएफओ, बलौदाबाजार वनमंडल

### छात्रों को ले जाना किसी भी तरह से उचित नहीं

बगैर सुरक्षा के तेंदुआ की गणना कराने कालेज छात्रों को ले जाना किसी भी तरह से उचित नहीं है। बारनवापारा में आए दिन शिकार की घटनाएं सामने आती रहती हैं। ऐसे में शिकारियों को वन्यजीवों की जानकारी आसानी से मिल सकती है, इससे शिकार की घटनाएं कम होने के बजाय बढ़ सकती हैं। - नितिन सिंघवी, वन्यजीव प्रेमी

# एक राष्ट्र, एक चुनाव-एकीकृत चुनाव, संगठित भारत विषय पर हुई संगोष्ठी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चैंबर ऑफ कॉमर्स जिला महासमुंद के तत्वावधान में एक राष्ट्र, एक चुनाव– एकीकृत चुनाव, संगठित भारत विषय पर एक सारगर्भित विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन चुनाव प्रणाली में सुधार, लोकतांत्रिक स्थायित्व और प्रशासनिक दक्षता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित रहा।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने कहा कि बार-बार चुनाव से विकास की प्रक्रिया बाधित होती है और प्रशासनिक संसाधनों पर अनावश्यक भार पड़ता है। उन्होंने कहा, एक साथ चुनाव से शासन की निरंतरता सुनिश्चित होगी, साथ ही देश में स्थायित्व और पारदर्शिता बढ़ेगी।

महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि एकीकृत चुनाव भारतीय लोकतंत्र को एक नई दिशा देगा। इससे न केवल सुशासन को बल मिलेगा बल्कि जनता और प्रतिनिधियों के बीच विश्वास भी मजबूत होगा। चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य पारस चोपड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि लगातार चुनावी प्रक्रिया से व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं। एक साथ चुनाव से आर्थिक स्थायित्व और नीति-नियोजन में निरंतरता आएगी। कार्यक्रम की प्रस्तावना भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू ने रखी, जिसमें उन्होंने विषय की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव समय की मांग है, और यह लोकतंत्र को अधिक संगठित और जवाबदेह बनाएगा। मंच संचालन त्रिलोक चंद जैन एवं आभार प्रदर्शन रितेश गोलछा ने किया।

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, भाजपा रायपुर संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, बसना विधायक संपत अग्रवाल, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू, पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, प्रीतम सिंह दीवान, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, चैंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल तथा वरिष्ठ समाजसेवी गण उपस्थित रहे।

संगोष्ठी में वक्ताओं ने एक राष्ट्र, एक चुनाव की आवश्यकता, लाभ और संभावित चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने इस बात पर सहमति जताई कि यह व्यवस्था भारत को अधिक संगठित, सुशासित और विकासोन्मुख लोकतंत्र बना सकती है। कार्यक्रम के अंत में चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा यह संकल्प लिया गया कि इस विषय पर जनचेतना बढ़ाने हेतु सतत प्रयास किए जाएंगे।

### महासमुंद-तुमगांव मार्ग चौड़ीकरण कार्य का आज विधायक करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शनिवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा महासमुंद-तुमगांव मार्ग चौड़ीकरण कार्य का शुभारंभ किया जाएगा। नारियल तोड़कर पूजा कर कार्य का विधिवत शुभारंभ कार्य होगा। सुबह साढ़े 10 बजे शहर के तुमगांव रोड स्थित गुलशन चौक के समीप शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित है। बता दें कि काफी समय से इस मार्ग के चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी। कार्य स्वीकृत होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा इसका भूमिपूजन किया गया था। कुल 19.86 करोड़ रुपए की लागत से 9.65 किलोमीटर लंबाई तक कार्य होगा।

इसमें पुल, पुलिया सहित चौड़ीकरण कार्य होगा। यह मार्ग काफी व्यस्ततम है, यह महासमुंद शहर और नगर पंचायत तुमगांव को जोड़ता है। दिनभर वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। साथ ही यह मार्ग नेशनल हाईवे को भी जोड़ती है। इन सभी जरूरतों को देखते हुए मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है।

### व्यवसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को मिला इंटर्नशिप प्रमाण पत्र



**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया ब्लॉक बागबाहरा में कक्षा नवमी से बारहवीं तक व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर ट्रेड एवं ऑटोमोबाइल संचालित है। जिसके पाठ्यक्रमानुसार व्यवसायिक ट्रेड कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को आद्योगिक संस्थानों में जाकर 10 दिवसीय इंटर्नशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम करना होता है। संस्था प्राचार्य नारायण चौधरी ने कहा कि वोकेशनल एजुकेशन के अंतर्गत इंटर्नशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम छात्रों के कौशल में वृद्धि करने हेतु तथा उद्योग में काम करने के लिए तैयार किया गया है। इंटर्नशिप छात्रों को नए कौशल सीखने और अपने मौजूदा कौशल को विकसित करने में मदद करती है तथा व्यावसायिक क्षेत्र में कौशल विकसित होने के कारण भविष्य में रोजगार की संभावना बढ़ रही है जिससे विद्यार्थियों को लाभ हो रहा है। विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को विद्यालय के व्याख्याता रंजना ध्रुव द्वारा व्यवसायिक शिक्षक राजेश कुमार साहू एवं श्रद्धा उपाध्याय की उपस्थिति में इंटर्नशिप प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा निर्धारित इंटर्नशिप की राशि व्यवसायिक ट्रेड के विद्यार्थियों के बैंक एकाउंट में अंतरण कर दी गई है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार से अंजू नामदेव, सृष्टि साहू, दीप्ति शर्मा, धनेश्वरी साहू, ममता राजकमल, तारिणी ध्रुव, रोहित ठाकुर, हेमलता पटेल, गीता दीवान, दामिनी देवांगन, नरेश, रमेश एवं कमलेश आदि मौजूद रहे।

## चौधरी ने कहा- भूपेश हीनता बोध से ग्रस्त, पाक पर भारत की जीत को नहीं पचा पा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पर हल्की बयानबाजी यह बताती है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हीनता बोध से ग्रस्त हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा, पाकिस्तान के विरुद्ध भारत की जीत को भूपेश बघेल नहीं पचा पा रहे हैं।

श्री चौधरी, ने आयोजन शब्द को लेकर कहा कि 'नागरी प्रचारिणी सभा' के शब्दकोष में 'आयोजन' का अर्थ है किसी कार्य या गतिविधि को सुनियोजित और व्यवस्थित ढंग से करने की प्रक्रिया। इसमें योजना बनाना, संसाधनों का प्रबंधन और कार्य को निर्धारित समय पर पूरा करना शामिल है।

### जनता ने दिया जवाब

श्री चौधरी ने आगे लिखा कि क्या कांग्रेस नेता यह कहना चाहते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत चला अभियान सुनियोजित नहीं था या अव्यवस्थित था? या सेना ने योजना सही नहीं बनाई थी, संसाधनों का प्रबंधन सेना ने सही नहीं किया? कभी सर्जिकल स्ट्राइक का इसी तरह मजाक बनाते हुए भूपेशजी ने यह कहा था कि 'वहां केवल कौए मरे हैं।' जनता ने उस भद्दे मजाक का माकूल जवाब भी दे दिया उन्हें। हमारे सैनिकों के शौर्य पर सवाल खड़ा करते रहने की परिपाटी बंद होनी चाहिए। यह राजनीति का विषय नहीं है।

## बायो-सीएनजी संयंत्रों को भूमि आबंटन करने कलेक्टरों को पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**सार्वजनिक उपक्रमों, तेल और गैस विपणन कंपनियों को रियायती दर पर दी जाएगी जमीन**

राज्य शासन ने जैव अपशिष्ट और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए नगरीय निकायों में स्थापित किये जाने वाले बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए भूमि आबंटन के लिए सभी जिलों के कलेक्टरों को परिपत्र जारी किया है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी परिपत्र में कैबिनेट के निर्णय के परिपालन में राज्य के सभी नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट-सह-कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए रियायती लीज दरों पर शासकीय भूमि का आबंटन किया जाना है। बायो-सीएनजी संयंत्रों की स्थापना के लिए आवश्यक कार्यवाही के लिए नगरीय प्रशासन विभाग और संबंधित नगरीय निकाय को अधिकृत किया गया है। राज्य शासन ने नगरीय निकायों में जैव और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं शासकीय तेल और गैस विपणन कंपनियों को बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए अधिकतम दस एकड़ शासकीय भूमि का आबंटन रियायती लीज दर एक रुपए प्रति वर्गमीटर से करने के लिए कलेक्टरों को निर्देशित किया है।

### 25 वर्षों की लीज पर भूमि देने करें कार्यवाही

विभाग ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं शासकीय तेल और गैस विपणन कंपनियों को अधिकतम 25 वर्षों की लीज पर भूमि आबंटित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

## देश के व्यापारी नेता तुर्की और अजरबैजान से व्यापार बॉयकॉट का लेंगे निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




देशभर के व्यापारिक नेता शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित कैट के राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे। इस मौके पर व्यापारी नेता तुर्की और अजरबैजान से व्यापार बायकाट पर निर्णय लेंगे।

कैट केराष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन ने बताया कि कैट ने 16 मई को नई दिल्ली में देश के विभिन्न राज्यों के प्रमुख व्यापारी नेताओं की एक राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस बुलाई है। इसमें पाकिस्तान का समर्थन करने के कारण तुर्की एवं अजरबैजान के साथ व्यापारियों द्वारा सभी वस्तुओं का आयात-निर्यात व्यापार बंद किए जाने पर निर्णय लिया जाएगा।


कैट का कहना है कि जो भी देश भारत के खिलाफ है, उसके साथ व्यापार करने का कोई सवाल ही नहीं है और देश के व्यापारियों द्वारा अपनी देशभक्ति को प्रदर्शित करने का यही समय है। सम्मेलन में भारत की सेनाओं के शौर्य एवं पराक्रम के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए देशभर में तिरंगा यात्रा का आयोजन एवं ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा भारत के व्यापार की हड़पने के खिलाफ भी बड़े निर्णय लिए जाएंगे। इसी कड़ी में गुरुवार को राजधानी स्थित कैट के प्रदेश कार्यालय में कैट एवं छत्तीसगढ़ ट्रेवल्स ट्रेड एसोसियेशन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने की। बैठक में छत्तीसगढ़ ट्रेव्ल्स ट्रेड एसोसियेशन के अध्यक्ष और महामंत्री उपस्थित रहे। सीजीटीटीए ने कहा कि हम तुर्की और अज़रबेजान की यात्रायों की बुकिंग नहीं करेंगे तथा इन दोनों देशों से व्यापार पर प्रतिबंध में हम कैट का पूर्ण समर्थन करते हैं।

■ कैट के अभियान को छत्तीसगढ़ ट्रैवल्स ट्रेड एसोसिएशन का पूर्ण समर्थन

## छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए है फायदे की खेती, सभी जलवायु क्षेत्र में रहता है जीवित

# वेटिवर फार्मिंग टेक्नोलॉजी पर कार्यशाला, इसकी जड़ से निकलता है तेल, कीमत 15 से 20 हजार रुपए

**इसे सिंचित व असिंचित क्षेत्रों में भी लगाया जा सकता है**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा गुरुवार को बोर्ड कार्यालय के सभाकक्ष में एक दिवसीय वेटिवर फार्मिंग टेक्नोलॉजी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम की अध्यक्षता में बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएसीएस शामिल हुए। कार्यशाला में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनूप कालरा, रिटायर्ड साइंटिस्ट, सी-मैप लखनऊ व डॉ. वी. सुन्देशरन, साइंटिस्ट, सी-मैप, बेंगलुरु ने इसके कृषिकरण व इकोनॉमिक लाभ के बारे में विस्तृत व महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। खास बात ये है कि इस पौधे की जड़ों से तेल निकला जाता है। बाजार में इसकी कीमत 15 से 20 हजार रुपए लीटर होती है। इसकी खेती छत्तीसगढ़ की जलवायु और यहां के किसानों के लिए काफी अनुकूल है।



### तेल की कीमत 15 से 20 हजार रुपए लीटर

*डॉ. वी. सुन्देशरन, साइंटिस्ट, सी-मैप, बेंगलुरु ने अपने प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि वेटिवर की जड़ बारीक संरचना वाली होने के कारण बहुत मजबूत होती है। यह पहले वर्ष 1 से 4 मीटर गहराई तक बढ़ सकती है। वेटिवर न तो स्टोलन होते है ना ही प्रकंद। इन विशेषताओं के कारण वेटिवर पौधा अत्यधिक सूखा को भी सहन कर सकता है, जो भू-जल संरचना को बनाएं रखने में सहयोग करता है। वेटिवर की तेल में मुख्य रूप से वेटिवेरोल तत्व पाया जाता है। सूखा जड़ का आश्वन के लिए 48 से 78 घंटे लगते हैं। वर्तमान समय में वेटिवर तेल का मूल्य 15 से 20 हजार रुपए प्रति लीटर है।*

### क्या है वेटिवर प्लांट

डॉ. अनूप कालरा, रिटायर्ड साइंटिस्ट, सी-मैप लखनऊ द्वारा अपने प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि वेटिवर एक ऐसा प्लांट है, जो सभी जलवायु क्षेत्र में जीवित रहता है तथा वेटिवर में भूजल पुनर्भरण की अदभुत क्षमता होती है साथ ही वर्षा जल के साथ मिट्टी को पकड़ कर रखती है, जिससे मिट्टी की पोषक तत्व का बहाव कम होता है। परंपरागत रूप से खस घास का उपयोग खेतों व नदी के किनारे किया जाता था लेकिन अब कटाव नियंत्रण की प्राकृतिक विधि के रूप में इसके लाभ पर और अधिक ध्यान दिया जा रहा है। यह घास सूखा प्रतिरोधी, कीट प्रतिरोधी व जल प्रतिरोधी भी है, जो जलवायु परिवर्तन से होने वाले हानि को कम करने में अपनी भूमिका निभाता है। वेटिवर की वर्तमान समय में बहुत से ऐसी किस्में तैयार की गई है, जिससे 10-12 माह में फसल तैयार किया जा रहा है। वेटिवर की 01 एकड़ में 1.5 टन सूखा जड़ प्राप्त होता है। सूखे जड़ के 100 कि.ग्रा. जड़ से 1.5 कि.ग्रा. तेल प्राप्त होता है।

### किसानों को इससे होगा बड़ा फायदा- राव

छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के सीईओ जेएसीएस राव ने कार्यशाल में बताया कि इस खेती से छत्तीसगढ़ के किसानों के किस तरह फायदा होगा। छत्तीसगढ़ राज्य में वेटिवर रोपण से स्थानीय किसान व ग्रामीण क्षेत्रों के समुदायों को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा, क्योंकि इनका रोपण अत्यधिक सरल होने के साथ-साथ इनके जड़ों से प्राप्त होने वाला तेल की बाजार मांग व मूल्य अत्यधिक है। पौधा अत्यधिक ही सहनशील होने के कारण यह कम पानी वाले क्षेत्रों में भी आसानी से उग सकता है। इसे सिंचित व असिंचित क्षेत्रों में भी लगाया जा सकता है। इसका सिंथेटिक मोलिक्यूल नहीं होता इसी कारण इसके तेल का उपयोग प्राकृतिक रूप से ही किया जाता है तथा इसलिए इसकी खेती जरूरी है। यह खेती अत्यंत ही सरल व कम देखभाल वाली होती है, इसमें किसी भी प्रकार के उर्वरक एवं खाद की आवश्यकता नहीं होती है। वेटिवर तेल की बाजार मांग एवं मूल्य अधिक है। वेटिवर की अगरबत्ती व ईत्र तथा उद्योगों में मांग अधिक है। औद्योगिक उपयोग में इसके तेल को खस तेल के नाम से जाना जाता है जिसका उपयोग साबुन, औषधि निर्माण व सौंदर्य प्रसाधनों एवं एरोमा उद्योगों में भी किया जाता है।

## खबर संक्षेप




### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर रायपुर में तिरंगा यात्रा

**महासमुंद।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान को धूल चटाई और पहलगाम आतंकी हमले का बदला लिया। सेना की इस सफलता पर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बीजेपी ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित कई मंत्री, विधायक और भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू मौजूद रहे।

### प्रतिभावान छात्रों का किया गया सम्मान

**महासमुंद।** बोर्ड परीक्षा परिणाम हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी में अव्वल प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। द न्यू होली फेथ स्कूल में बोर्ड परीक्षा हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी में अर्जित उच्चतम अंक छात्राएं यास्मीन यादव 95 प्रतिशत एवं ऋषिका जैन ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया।

### एचएसआरपी आवेदन के लिए शिविर 20-21 मई को बागबाहरा में

**महासमुंद।** केंद्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केंद्रीय मोटरयान नियम 1989, साथ ही सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 06 दिसंबर 2018 को जारी अधिसूचना तथा उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में छत्तीसगढ़ राज्य में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत प्रत्येक मोटर वाहन पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में यह कार्य परिवहन विभाग द्वारा अधिकृत एजेंसी मेसर्स रियल मेजन इंडिया लिमिटेड और रोसमेर्टा सेफ्टी सिस्टम लिमिटेड के माध्यम से किया जा रहा है, जो राज्य के सभी परिवहन कार्यालयों में एचएसआरपी लगाने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में, कलेक्टर के निर्देश पर जिले में आमजन को जागरूक करने एवं सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से जिला परिवहन अधिकारी महासमुंद द्वारा 13 से 15 मई 2025 तक कलेक्टोरेट परिसर में तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 281 वाहन स्वामियों ने ऑनलाइन आवेदन कर एचएसआरपी हेतु प्रक्रिया पूर्ण की। एचएसआरपी कार्य में निरंतरता एवं जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए अगला शिविर जनपद पंचायत कार्यालय, बागबाहरा में आयोजित किया जाएगा। यह दो दिवसीय शिविर 20 एवं 21 मई 2025 को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक संचालित होगा। इच्छुक वाहन स्वामी इस शिविर में उपस्थित होकर ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। जिला परिवहन अधिकारी ने सभी वाहन मालिकों से आग्रह किया है कि वे समय पर अपने वाहन पर एचएसआरपी लगवाकर नियमों का पालन करें एवं कानूनी कार्रवाई से बचें।

## आयोजन : सुरमाल परिक्षेत्र क्रमांक 1 साहू समाज का स्वर्ण जयंती व सम्मान समारोह हुआ

# सामूहिक आदर्श विवाह में 28 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

सुरमाल परिक्षेत्र क्रमांक 1 साहू समाज का स्वर्ण जयंती व सम्मान समारोह हुआ। यह कार्यक्रम परिक्षेत्र मुख्यालय ग्राम घोयनाबाहरा में 11 मई रविवार को धूमधाम से मनाया गया। स्वर्ण जयंती समारोह, सामूहिक आदर्श विवाह व सम्मान समारोह में 28 जोड़े का सर्व समाज से वर कन्या का विवाह अखिल भारतीय गायत्री परिवार के रामाधीन यादव एवं उनकी टोली द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ कराया गया और सभी जोड़ों को समाज द्वारा पचहर बर्तन उपहार में दिया गया। अतिथियों और समाजजनों द्वारा पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद दिया। 1975 में शामिल जोड़ों को सम्मान किया गया। समाज के विशेष प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। नवनिर्वाचित जनप्रतिनधियों का सम्मान किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के साक्षी सर्व समाज एवं परिक्षेत्र व समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस समारोह के बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विशिष्ट अतिथि सांसद रुपकुमारी चौधरी, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव, येतराम साहू जिलाध्यक्ष भाजपा, धरमदास साहू जिलाध्यक्ष साहू समाज, भेखलाल साहू तहसील अध्यक्ष साहू समाज बागबाहरा, देवेश साहू अध्यक्ष सुरमाल परिक्षेत्र क्र 4 व उपाध्यक्ष नगर पालिका बागबाहरा, लक्ष्मण साहू संरक्षक क्र 2, प्रेशन लाल साहू अध्यक्ष क्र 2, तुलसी राम साहू अध्यक्ष क्र 3 उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता मान नारायण लाल साहू संरक्षक साहू समाज सुरमाल परिक्षेत्र क्र 1 ने की। सुरमाल परिक्षेत्र क्रमांक 1 के सभी पदाधिकारी अध्यक्ष मूलचंद साहू, सचिव बृजराम साहू, संरक्षक चंद्रहास साहू,



कोषाध्यक्ष कोमल प्रसाद साहू, सहसचिव तुलसी साहू, उपाध्यक्ष बरसाती लाल, मुंशी राम, आडिटर छेदू राम साहू, युवा अध्यक्ष ताराचंद साहू, उपाध्यक्ष खिलावन साहू, संगठन सचिव मूलचंद साहू, चित्रसेन साहू, चेतराम साहू, खूबचंद साहू, यादराम साहू, लोकेश कुमार साहू, सलाहकार विष्णु प्रसाद साहू, कामता साहू, पुरुषोतम साहू, डा अशोक साहू, आशकरण साहू, जनक राम साहू, केशव साहू शिक्षक, घनश्याम साहू, छन्नू साहू, हीरालाल साहू, सुरेश साहू, पीलू साहू, पूरन साहू, नवल साहू, सुंदर लाल साहू, लालजी साहू, कार्तिक राम साहू, गोविन्द साहू झिटकी, सदस्यगण चुनु राम साहू, परमानद साहू, हीरालाल साहू, रामाधार साहू, फिरत राम साहू, शिवधन साहू, भारत साहू, परस राम साहू, नेहरूलाल साहू, रामशरण साहू, गयाराम साहू, मोतीलाल साहू, कंवल साहू, थानु राम साहू, पवन कुमार साहू, डुमन साहू, गेंदलाल साहू, गोकुलराम साहू, भुनेश्वर साहू, रिखीराम साहू, गिरवर साहू, पूरन लाल साहू, जयपाल साहू, बृज साहू खेमडा, परानु साहू सालडबरी, हेमंत चंद्राकर बोड़रीदादर का अतिथि भोजन व्यवस्था में विशेष सहयोग रहा। महिला प्रकोष्ठ मोमिन बाई वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पुन्नी बाई अध्यक्ष, शांति बाई साहू, जान्हवी बाई साहू उपाध्यक्ष, सदस्य हीराबाई साहू, जाम बाई साहू, बिसरी बाई साहू, अमेरिका बाई साहू, मान कुवर साहू, कामिनी साहू, बिमला साहू, यशोदा साहू, संध्या साहू, वरिष्ठ मातृ शक्ति पुन्नीबाई साहू गांजर, रुखमनी बाई साहू मुड़ागांव, प्रेमा बाई साहू अमेरा, कमला साहू घोयनाबाहरा, विद्या साहू खैरट, सरपंच ग्राम पंचायत घोयनाबाहरा सीमा डिगेश साहू, गणेशी साहू पंच, तुलसी साहू पंच, गीता साहू, देवंतिन साहू, बेद बाई साहू, चंद्रकला साहू, धान बाई साहू, संतोषी साहू, भगवंतिन साहू, सिरमौतिन साहू, संगीता साहू, पुरुष वर्ग डिगेश साहू, देवाराम साहू, हीरालाल साहू, झंगल साहू, शंभू साहू, दीनदयाल साहू, तारा साहू, पप्पू साहू, पवन साहू, चेतन साहू, दिलीप साहू, चिन्मयानंद साहू, कुशो साहू, लखन साहू, अशराम साहू, डेरहा साहू, परदेशी साहू सेख साहू, चंद्रहास साहू, नरेश साहू, रामसिंग साहू, नरेश साहू, तेजू साहू, जयमल साहू, बिजलाल साहू, भोज साहू, नंग साहू, मिनेश साहू, समेत साहू समाज घोयनाबाहरा का विशेष सहयोग रहा।

# समाज सुधारक, धार्मिक चेतना की संवाहक और जनकल्याण की प्रतीक थीं अहिल्याबाईः जगन्नाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती पर महासमुंद स्थित टाउन हॉल में शुक्रवार को एक भव्य जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और रानी अहिल्याबाई की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, नागरिक एवं समाजसेवी शामिल हुए।

कार्यक्रम का प्रस्तावना भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू ने प्रस्तुत किया। उन्होंने रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन मूल्यों, उनके योगदान एवं इस आयोजन की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए कहा, रानी अहिल्याबाई भारतीय इतिहास की एक ऐसी महान विभूति हैं, जिन्होंने अपने शासनकाल में सेवा, समर्पण और न्याय के मूल्यों को स्थापित किया। उनकी जयंती हम सभी के लिए प्रेरणा का अवसर है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा रायपुर संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही रहे, जिन्होंने अपने विस्तृत उद्बोधन



में कहा, होलकर साम्राज्य की महान शासिका रानी अहिल्याबाई केवल एक प्रशासिका नहीं थीं, वे समाज सुधारक, धार्मिक चेतना की संवाहक और जनकल्याण की प्रतीक थीं। उन्होंने अपने कार्यकाल में न केवल सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिया बल्कि धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए अनेक कार्य किए। देशभर में उन्होंने सैकड़ों मंदिर, धर्मशालाएं, कुएं और धर्मिक स्थल पुनर्निर्मित कराए, जो आज भी उनके सेवा भाव की गवाही देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि रानी अहिल्याबाई का शासन महिलाओं के लिए प्रेरणादायक रहा है। आज के समय में उनकी तरह जनसेवा के भाव को अपनाकर ही हम सच्चे राष्ट्र निर्माण में सहभागी बन सकते हैं। महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी ने भी अपने विचार रखते हुए कहा, रानी अहिल्याबाई ने यह सिद्ध किया कि एक नारी न केवल घर बल्कि शासन और समाज को भी आदर्श रूप में संचालित कर सकती है। उन्होंने अपने शासन में गरीबों, किसानों, महिलाओं और धार्मिक स्थलों के हित में जो कार्य किए, वे अतुलनीय हैं। हमें उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू ने अपने वक्तव्य में कहा, हमें गर्व है कि हम रानी अहिल्याबाई जैसी महान विभूति की जयंती मना रहे हैं। वे न्यायप्रियता, धर्मनिष्ठा और नारी शक्ति की प्रतीक थीं। उन्होंने समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया और उनके सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। छत्तीसगढ़ जैसे सांस्कृतिक राज्य में उनके आदर्शों को जनजागरण का माध्यम बनाना आवश्यक है।

इस अवसर पर सरल कोसरिया ने भी अपने विचार रखें। इस आयोजन के संयोजक भाजपा जिला महामंत्री संजय शर्मा रहे, प्रदीप चंद्राकर ने मंच संचालन करते हुए अतिथियों का स्वागत एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व मंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह खालसा गोल्डी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल तथा भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू सहित अनेक प्रमुख नेता एवं पदाधिकारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। इस अवसर पर जिलेभर से आए कार्यकर्ताओं ने रानी अहिल्याबाई के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

## प्रत्येक ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन के लिए वीसी के माध्यम से जिला स्तरीय एवं विकासखंड अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे उपस्थित थे।

कलेक्टर लंगेह ने बताया कि शनिवार 17 मई को प्रत्येक ग्राम पंचायत में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक के बैनर तले आयोजित किया जाना है। उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा के दौरान ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित स्लोगन हम सेना के साथ हैं और ऑपरेशन सिंदूर के साथ राष्ट्र जैसे संदेश होना चाहिए। भारत की जीत, सशस्त्र बलों की सुरक्षा, सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों को धन्यवाद देने के लिए यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में क्षेत्र के सांसद, विधायक, जिला व जनपद पंचायत अध्यक्ष, सदस्य सहित पंचायत प्रतिनिधियों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा।

कलेक्टर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग में जिले के पूर्व सैनिक संगठन, सैनिकों के परिवारों को यात्रा में भाग लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने जनपद के सभी सीईओ, नगरीय निकाय सीएमओ, जिला शिक्षा अधिकारी से यात्रा की तैयारी के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि यात्रा सुबह 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक निकाला जा सकता है। उन्होंने तिरंगा यात्रा को शांतिपूर्ण, अनुशासित, संगठित एवं उत्साह से लबरेज होने के लिए देशभक्ति के गीत और देशभक्ति के नारे शामिल करने कहा है।

# देवरी समाधान शिविर में किसानों को वितरित किए गए धान बीज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सुशासन तिहार के अंतर्गत आज बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर शामिल हुए। शिविर में जनपद सदस्य लोचन पटेल, सरपंच गण एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। इस अवसर पर किसानों को धान बीज का वितरण किया गया। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल 10 किसानों को 5 क्विंटल धान बीज की नई किस्म एमटीयू-1318 का वितरण किया गया है। बीज प्राप्त करने वाले किसानों में ग्राम कुसमी के थैल सिंह पटेल, कुमारी बाई पटेल, पुराणिक चंद्राकर, आसकरण यादव, देवराज दीवान, ग्राम चिंगरियां के मूलचंद पटेल, डोगाखम्हरिया के लोचन ध्रुव, दाईजबांधा के पोखन लाल साहू, देवरी के प्रीतम श्रीवास एवं बैगाखम्हरिया के घासीराम यादव शामिल हैं। धान बीज प्राप्त कर किसानों ने शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया और समाधान शिविर के आयोजन को सराहनीय पहल बताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जीपी शरनागत, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एसएल नेताम, देवरी सहकारी समिति प्रबंधक भेखराम यादव सहित कृषि विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** शासकीय महिला शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय, पेंड्रा (जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही) में शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए बीपीएड एवं डीपीएड द्विवर्षीय पाठ्यक्रमों में विभागीय कोटे के अंतर्गत प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रवेश छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के अधीन शासकीय स्कूलों में कार्यरत नियमित सहायक शिक्षक, सहायक शिक्षक (एलबी) तथा सहायक शिक्षक पंचायत के लिए निर्धारित है। डीपीएड (द्विवर्षीय) अंतर्गत पुरुष के 10 एवं महिला के 05 सीट तथा बीपीएड (द्विवर्षीय) अंतर्गत पुरुष के 05 एवं महिला के 05 सीट विभागीय हेतु उपलब्ध है। डीपीएड पाठ्यक्रम हेतु आवेदक को हायर सेकंडरी परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। बीपीएड पाठ्यक्रम हेतु आवेदक को स्नातक में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ डीपीएड उत्तीर्ण होना आवश्यक है। सभी आवेदकों को एनसीटीई द्वारा निर्धारित अर्हताओं को भी पूर्ण करना अनिवार्य होगा। 01 जुलाई 2025 की स्थिति में आवेदक की न्यूनतम सेवाकाल अवधि 3 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। विभागीय इच्छुक आवेदक अपना आवेदन पत्र संबंधित विखं शिक्षा अधिकारी से प्राप्त कर पूर्ण रूप से कार्यालय में जमा करें।

# समाधान शिविर में 145 हितग्राहियों को प्रदान किया गया पेंशन स्वीकृति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत 145 पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति पत्र एवं ट्राइसाइकिल प्रदान किया गया। ग्राम पंचायत गोड़बहाल में आयोजित समाधान शिविर में कुल 16 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, ग्राम गड़बेड़ा के दिव्यांग मनीराम मधुकर को ट्राइसाइकिल वितरित की गई, जिससे उनकी जीवनयात्रा आसान होगी। श्री मधुकर ने इसके लिए शासन एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित



किया है। विकासखंड बागबाहरा के ग्राम पंचायत देवरी में आयोजित शिविर में 127 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। वहीं महासमुंद के लोहिया चौक, वार्ड नंबर 20 में आयोजित शिविर में विजय कुमार ठाकुर एवं भोजबाई ठाकुर को पेंशन स्वीकृति पत्र दिया गया। यह पहल शासन की कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है, जरूरतमंद नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल रहा है।

## जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र फर्जी होने पर एफआईआर के निर्देश

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन एवं केन्द्र सरकार द्वारा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र में अंकित जानकारी का उपयोग विभिन्न योजनाओं के अभिलेख को तैयार करने में किया जाता है। ऑनलाईन जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने के लिए आरजीआई भारत सरकार के रिवैम्प्ड सॉफ्टवेयर का वेब एड्रेस dc.crsorgi.gov.in है। डिजिटल प्रमाण पत्र का बार कोड स्कैनर से स्केन करने पर वेबसाईट का यूआरएल dc.crsorgi.gov.in/crs दर्शित होता है।

उक्त वेबसाइट के माध्यम से जन्म प्रमाण पत्र जारी करने हेतु ग्राम पंचायतों के सचिव, सीएमओ नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद, स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक जिला चिकित्सालय के लिए तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी अधिकारियों को जन्म-मृत्यु पंजीयन किये जाने हेतु रजिस्ट्रार घोषित किया गया है। जिले में कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) विनय कुमार लंगेह ने रजिस्ट्रार को जन्म-मृत्यु के प्रमाण पत्र की पुष्टि करने तथा फर्जी प्रमाण पत्र होने पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने क्यू आर कोड को स्कैन कर उल्लेखित वेबसाइट से ही प्रमाण पत्र जारी किए जाने की पुष्टि होने पर ही जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र में अंकित जानकारी का उपयोग किया जाना सुनिश्चित करने कहा है। फर्जी प्रमाण पत्र प्राप्त होने की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश देते हुए संपूर्ण जानकारी जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय महासमुंद को उपलब्ध कराने कहा है।

# विद्यार्थियों की प्रतिभा में चार चांद लगाने समर कैंप का हुआ आयोजन

**सरायपाली।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला झिलमिला में संचालित समर कैंप का निरीक्षण प्रकाशचंद्र मांझी (बीईओ ) द्वारा किया गया एवं विद्यार्थियों, शिक्षकों के उत्साह को देखकर खुशी जाहिर किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने समर कैंप में उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए उनके प्रयास की सराहना की और विद्यार्थियों के भविष्य संवारने, प्रतिभा की अभिव्यक्ति के लिए इस समर कैंप की भूमिका को रेखांकित करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। प्रभारी प्रधान पाठक सोमदेव तिवारी के लीडरशिप में संचालित समर कैंप में सहायक शिक्षकों, प्रशिक्षकों



की टीम सेवा दे रहे हैं। समर कैंप में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विविध गतिविधियों के माध्यम से तराशने का कार्य सतत रूप से किया जा रहा है। समर कैंप में बच्चे जुंबा, योगा, प्रार्थना गीत, प्रेरणा गीत, कविता के माध्यम से आनंदित हैं। वहीं याददाश्त बढ़ाने के लिए विषयगत बुनियादी ज्ञान के साथ साथ समझ शक्ति विकास के लिए पेपर आर्ट से फूल, सांप, नाव, पंखा, गुलदस्ता आदि के निर्माण की कला-कौशल से पारंगत किया जा रहा है। समर कैंप में 40 विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं, जिनको शीला विश्वास द्वारा नृत्य कला में निपुण बनाने बच्चों को अभ्यास कराया जा रहा है। वहीं सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने वर्षा नंद द्वारा क्रॉफ्ट कला का ज्ञान बच्चों को देते हुए अभ्यास कराया जा रहा है। बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल, संकूल प्रभारी गीता तिवारी एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक कोमल प्रताप चौधरी के सतत समन्वय में सहायक शिक्षक द्वय मानस राणा एवं पुरुषोत्तम लाल बरिहा आदि के साथ योग प्रशिक्षक भरत बारिक भी पूरे मनोयोग से विद्यार्थियों को सीख दे रहे हैं। उपरोक्त जानकारी यशवंत कुमार चौधरी ने दी।

**न्यायालय तहसीलदार पिथौरा जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

रा.म.क्र.202401120400042/अ-6 अ/ वर्ष 2023-24
ग्राम-नयापारा खुर्द, तहसील पिथौरा
//उद्घोषणा//
क्रमांक /6/क/तह/वाचक/2024
पिथौरा, दिनांक 15.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, इस न्यायालय में लंबित रा.प्र.क. 202401120400042/अ-6अ/वर्ष 2023-24 आवेदक भुवनेश्वर रात्रे पिता गोवर्धन रात्रे एवं अन्य 09 निवासी ग्राम नयापारा खुर्द, तहसील पिथौरा जिला महासमुन्द (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि ग्राम नयापारा खुर्द, प.ह.नं. 04, तहसील पिथौरा में भूमि का नया खसरा नं. 44 पुराना खसरा नं. 62, 63, 64/1, 2, 3 पुराने नक्शे के अनुसार आबादी भूमि आम रास्ता है। नये नक्शे में आम रास्ता को गायब कर भूमि दिया गया है। नये नक्शे और पुराने नक्शे के मिलान करने पर त्रुटि स्पष्ट दर्शित होता है जिसे सुधार किया जाना आवश्यक है। पुराने नक्शे के आधार पर त्रुटि सुधार कर अभिलेख दुरूस्त करने निवेदन किया गया है। अतः उक्त के संबंध दिनांक 29.05.2025 को न्यायालय में उपस्थिति हेतु अनावेदक लक्ष्मीदेवी अग्रवाल पति राजकुमार अग्रवाल, जाति अग्रवाल पता-निवासी ग्राम पिथौरा, थाना पिथौरा, तहसील पिथौरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) को नोटिस दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन किया जावे। आज दिनांक 15.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार पिथौरा
जिला महासमुन्द (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार महासमुंद, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

रा.मा.क. अ-6-अ वर्ष 2024-25
ग्राम खैरा प.ह.नं. 43
रा.नि.म.-शेर
तहसील व जिला-महासमुन्द
// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी खैरा को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, आवेदक हिरामन वगैहर पिता मदनसिंह यादव जाति राउत निवासी ग्राम खैरा तहसील व जिला महासमुन्द द्वारा ग्राम खैरा प.ह.नं. 43, रा.नि.मं. शेर, में स्थित भूमि खसरा नं. 580 रकबा 0.20 हे. हिरामन, बबला, हिरीबाई, जीराबाई, टेटकीबाई, रेवतीबाई पिसरान मदनसिंह राउत के नाम पर समस्त राजस्व रिकार्डो पर संयुक्त खाता में दर्ज चला आ रहा है। आवेदकों के उक्त जमीन का ऑनलाईन प्रवृष्टि कर त्रुटिवश खाता क. 500 भागवतलाल पिता रामप्रसाद के खाता में दर्ज कर दिया गया हैं। जो त्रुटिपूर्ण है उक्त जमीन आवेदक के पैतृक संपत्ति है एवं स्वतंत्र काश्त कब्जा पर चले आ रहे है। ऑनलाईन रिकार्ड में त्रुटिसुधार भागवत लाल के नाम पर दर्ज हो गया है। जो कि त्रुटिपूर्ण है। अतः उक्त भूमि को ऑनलाईन रिकार्ड में त्रुटिसुचार किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा.स. 1959 की धारा 115 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में जांच प्रतिवेदनार्थ विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय की पेशी तारीख 30.05.2025 को पेश कर सकते हैं। नियत तिथी पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसील
जिला-महासमुंद (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### रामकुमार मेहर को दी गई भावभीनी विदाई

**महासमुंद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एडीआर भवन के सभाकक्ष में सह स्टाफ एवं अधिकार मित्रों द्वारा विदाई सामारोह आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के प्रबंध कार्यालय के अधिकार मित्र हरिचंद ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहायक ग्रेड दो पर पदस्थ रामकुमार मेहर को उनके स्थानातांरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला धमतरी होने पर कार्यालय स्टाफ अथवा विभिन्न आरक्षी केंद्रों में पदस्थ अधिकार मित्रों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। विदित हो कि राम कुमार मेहर जनवरी वर्ष 2015 में जशपुर से स्थानांतरित होकर महासमुंद आए थे। कार्य कुशलता एवं अनुभवी होने के नाते उनके द्वारा कुशल कार्यालयीन कार्यो का भलीभांति संपादन कर समय-समय पर अधीनस्थ सहकर्मी कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते हुए अनुकरणीय कार्य किए है।

### मेधावी अजा छात्रों के लिए राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा 1 जून को

**महासमुंद।** अनुसूचित जाति वर्ग के मेधावी छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण आवासीय शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा एसएचआरई एसएचटीए (स्कीम ऑफ रेजिडेंशियल एजुकेशन फॉर स्टूडेंट्स इन हाई स्कूल इन टार्गेटेड एरिया) योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत चयनित छात्रों को देश के सर्वश्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा का आयोजन रविवार 1 जून 2025 को किया जाएगा। परीक्षा का समय दोपहर 02 बजे से शाम 05 बजे तक रहेगा। यह परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के माध्यम से आयोजित की जाएगी। प्रवेश पत्र 25 मई 2025 से डाउनलोड किया जा सकता है। छात्र अधिक जानकारी के लिए इस योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर अवलोकन कर सकते हैं।

### प्रीबीएड एवं प्रीडीएलएड प्रवेश परीक्षा 22 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्रीबीएड एवं प्रीडीएलएड प्रवेश परीक्षा गुरुवार को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा का आयोजन जिला मुख्यालय सहित बागबाहरा एवं पिथौरा विकासखंडों में होगा। प्रथम पाली में प्रीबीएड परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें 7,520 परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं, द्वितीय पाली में प्रीडीएलएड परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4:15 बजे तक संपन्न होगी, जिसमें 13,414 परीक्षार्थी भाग लेंगे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने परीक्षा की सुचारू एवं निर्विघ्न संचालन के लिए 15 से 22 मई 2025 तक अधिकारी एवं कर्मचारियों को पूर्व अनुमति के अवकाश पर नहीं जाने तथा मुख्यालय से बाहर प्रस्थान नहीं रहने के निर्देश दिए हैं।

# द्वारिका धाम में रेत से शिवलिंग बना रामेश्वर नाथ का किया पार्थिव पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पुनीत पावन अवसर पर 15 मई को गोमती द्वारका और भेंट द्वारका के बीच स्थित प्रभास क्षेत्र में सी बीच पर नगर के तीर्थयात्रियों ने रेत का शिवलिंग बनाकर अभिषेक किया। पार्थिव शिवलिंग पूजन का विशेष महत्व है, यदि समुद्र तट पर रेत से शिवलिंग बनाकर तीर्थ धाम में पूजन किया जाए तो यह विशेष पुण्यकारी माना गया है।

शिवलिंग निर्माण के पूर्व अरब सागर के रेत में रामेश्वरम धाम से लाई गई हिंद महासागर के रेत का मिश्रण श्रद्धापूर्वक कर शिवलिंग बनाया गया। गत वर्ष रामेश्वरम धाम में भी भागवत कथा का आयोजन था। आयोजन के दौरान समय निकालकर तीर्थ यात्रियों ने समुद्र तट पर शिवलिंग बनाकर आराधना की थी और वहां से रेत लाया गया था। जिसे यहां मिलाया गया। भगवान राम ने लंका जाने के लिए सेतु का निर्माण के पूर्व भगवान शिव की आराधना रेत से शिवलिंग बनाकर की थी। और न केवल सेतु का निर्माण हुआ, बल्कि रावण पर उन्होंने विजय प्राप्त की थी। द्वारिका धाम के माहेश्वरी सेवा कुंज में चल रहे भागवत कथा के भगवताचार्य पं. पंकज तिवारी व उनके 11 पुरोहितों ने विधि विधान से समस्त तीर्थयार्थियों को पूजन सामग्री वितरित कर वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य अभिषेक विधान पूर्ण कराया। पश्चात सभी ने कपूर आरती के साथ ही समुद्रदेव की भी मंगला आरती की।पूजन उपरांत सभी तीर्थ यात्रियों ने अपने-अपने शिवलिंग को समुद्र



में विसर्जित किया। इस दौरान आसपास के लोग भी स्वस्फूर्त मौजूद होकर पूजन विधान का दर्शन करते रहे। ज्वार भाटा प्रभावित क्षेत्र होने के कारण प्रतिदिन यहां समुद्र का जलस्तर में उतार-चढ़ाव होते रहता है। जिसके कारण द्वारिका के तट पर कटाव रोकने तटबंध बनाया गया है। इस कारण से दो द्वारका के बीच का स्थान अभिषेक पूजन के लिए निर्धारित किया गया। सभी द्वारिका प्रभास क्षेत्र में स्थित है। जहां चंद्रदेव को भगवान शिव ने श्राप मुक्त किया था। पार्थिव पूजन उपरांत पं. पंकज तिवारी ने समुद्र देव को प्रणाम कर पूजन विधान को पूर्ण करने और त्रुटियों को दूर करने और स्थान प्रदान करने के लिए प्रणाम करते हुए सभी तीर्थ यात्रियों की ओर से आभार वंदन किया।

इस पूजन में भागवत कथा के मुख्य जजमान शंकर इंद्राणी पांडेय, सह जजमान मनोजकांत सीतादेवी साहू समेत मारकंडे पुष्पा चंद्राकर, रिखीराम ईश्वरी साहू, बाबूलाल मीना साहू, ललिता प्रकाश चंद्राकर, मीना गिरजा शंकर चंद्राकर, मूलचंद सीमा लड्ढा, दिलीप प्रभा जैन, हेमंत तारा चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, दुर्गेश चंद्राकर, जूली चंद्राकर, हीरालाल साहू, रमा, हुलसी, मोतिम चंद्राकर, सावित्री चंद्राकर, आशा साहू, किरण साहू, छत्रपाल सिंह, चंद्रकांता सिंह ठाकुर, अबीर चंद्राकर, अलंकृता चंद्राकर, पवन चंद्राकर, कुमारी चंद्राकर, तारिणी अश्वनी तिवारी, छाया सुतार, रुचि चंद्राकर, शीला पांडेय, सुधा शर्मा, राखी जितेंद्र इदीकर, गुलशन चंद्राकर, पुष्पा चंद्राकर, जयश्री बैस, शशि शर्मा, सुलोचना चंद्राकर, राजेश नायक, विपिन चंद्राकर, विजय चंद्राकर आदि शामिल हुए। संध्या बेला में भागवत कथा में भगवान के लीलाओं का बखान करते हुए द्वारका पुरी निर्माण, रुक्मणी हरण, अनेक असुरों का उद्धार और रुक्मणी विवाह के कथाप्रसंग विस्तार से सुनाया गया। 17 मई को भागवत कथा का विश्राम होगा और सभी तीर्थ यात्री शाम को महासमुंद के लिए रवाना होंगे।

## आयोजन : महासमुंद के लोहिया चौक में समाधान शिविर का आयोजन

# जनता की समस्या से रूबरू होने जनता के द्वार तक पहुंच रही सरकारः सांसद

**महासमुंद।** सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र का दूसरा समाधान शिविर लोहिया चौक वार्ड क्रमांक 20 में आयोजित किया गया। इस शिविर में 10 वार्डों के नागरिकों ने भाग लिया और विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। संबंधित विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। शिविर में हितग्राहियों को राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति पत्र वितरण किया एवं गोद भराई और अन्नप्राशन रश्म सम्पन्न कराया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी शामिल हुए। कार्यक्रम में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अध्यक्षता की। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक विमल चोपड़ा, नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, स्थानीय पार्षदगण एवं अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, एसडीएम हरिशंकर पैकरा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। अतिथियों ने सर्वप्रथम विभागीय स्टॉल का निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली एवं हितग्राहियों से भी बातचीत की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि जनता की मांग और समस्याओं के समाधान के लिए यह शिविर एक कड़ी की भांति है। जहां समस्याओं का समाधान पात्रतानुसार अधिकारीगण कर रहे हैं। सांसद चौधरी ने शिविर में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लें और निर्धारित समय सीमा में समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाएं तभी सार्थक होंगी जब उसका लाभ आम जनता तक सुगमता से पहुँचे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि आम जनता की समस्याओं का निदान उनके गांव घरों में जाकर किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या से रूबरू होने जनता के द्वार में ही शिविर लगाया गया है।

समाधान शिविर में पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि ऐसे समाधान शिविरों के माध्यम से लोगों की शिकायतों और आवश्यकताओं को सीधे सुनकर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। चंद्राकर ने कहा कि सरकार की मंशा है कि शिविर के माध्यम से उनकी समस्याओं का निदान हो। शिविर की सार्थकता तभी है, जब लोग अपनी समस्याओं को लेकर यहां तक पहुंचे। पूर्व विधायक विमल चोपड़ा ने कहा कि राज्य सरकार बहुत महती कार्यक्रम के साथ जनता के द्वार तक पहुंच रही है। बड़ी उम्मीद और विश्वास लेकर आवेदन दे रहे है। ये सभी विभागों की जिम्मेदारी है कि सभी आवेदनों का गंभीरता पूर्ण और गुणवत्ता पूर्ण निदान सुनिश्चित करें। केंद्र और राज्य सरकार की नीति और नियम स्पष्ट है कि आम जनता की समस्या का त्वरित निराकरण हो। शिविर में नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने शहर के विकास कार्य के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के विकास के लिए 50 करोड़ रुपए की मांग रखी गई है।

शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रश्म एवं दो नन्हें बच्चों का अन्नप्राशन की रश्म पूर्ण किया। नगरीय निकाय में 764 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका निराकरण किया जा रहा है। इस अवसर पर पार्षदगण हरबंश सिंह ढिल्लो, पीयूष साहू, धनेंद्र चंद्राकर, निश्चय चंद्राकर, रिंकू चंद्राकर, शेखर बेलदार एवं मुन्ना देवार, सतपाल सिंह पाली, हनीष बग्गा, पूर्व पार्षद महेंद्र जैन, अरविंद प्रहरे एवं नगरपालिका अधिकारी अशोक सलामे आदि मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि आगामी समाधान शिविर सोमवार 19 मई को पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खुटेरी के पूर्व माध्यमिक शाला भवन, बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत एमके बाहरा, महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खट्टी हाई स्कूल एवं सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तोरेसिंहा हाई स्कूल भवन में आयोजित किया जाएगा।



### विष्णु के सुशासन में जनता की हर मांग पूरी का जाएगी

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय की सरकार ने अपने वादों को धरातल पर उतारते हुए जनता के विश्वास को मजबूती दी है। उन्होंने कहा कि सरकार अब खुद जनता के द्वार पर पहुंच रही है और मौके पर ही उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। उन्होंने कहा कि विष्णु के सुशासन में जनता की हर मांग पूरी की जाएगी। सभी योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार अवश्य उठाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 5 मई से लगातार गांवों का दौरा कर रहे हैं और वहां के लोगों से सीधा संवाद कर रहे हैं। वे यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों को वास्तव में मिल रहा है या नहीं। उन्होंने नागरिकों से अपील किया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नागरिकों के द्वारा दिए गए आवेदनों का निराकरण अवश्य होगा।

## निगम अध्यक्ष ने बायोफर्टिलाइजर संयंत्र का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर ने बीज निगम द्वारा छोटे उरला अभनपुर में संचालित बायोफर्टिलाइजर संयंत्र पहुंचकर संयंत्र द्वारा उत्पादित किए जाने वाले लिक्विड बायोफर्टिलाइजर के उत्पादन प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान बीज उपार्जन के लिए पंजीकृत आसपास ग्रामों के 100 से अधिक किसान भी उपस्थित थे। उन्होंने बीज की गुणवत्ता को लेकर किसानों व संयंत्र के अधिकारियों से चर्चा की। बायोफर्टिलाइजर प्लांट की कार्य प्रणाली के बारे में उन्होंने संयंत्र प्रभारी एवं सहायक सूक्ष्म जीव वैज्ञानिक से विस्तारपूर्वक चर्चा की। चंद्राकर भी एक किसान हैं, वे बायोफर्टिलाइजर के प्रयोग से फसलों के उत्पादन एवं गुणवत्ता में वृद्धि से पूर्णतः परिचित हैं। बायोफर्टिलाइजर के प्रयोग से कृषि के क्षेत्र में रासायनिक उर्वरकों पर से निर्भरता खत्म की जा सकती है, साथ ही रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभाव से भी बचा जा सकता है। इस दिशा में विशेष कार्य किये जाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए खुले बाजार में लिक्विड बायोफर्टिलाइजर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विक्रय- व्यवस्था की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने रेडी टू इट निर्माण प्रक्रिया भी देखी। तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। बायोफर्टिलाइजर संयंत्र भ्रमण के दौरान निगम अध्यक्ष के साथ देवेंद्र चंद्राकर, नंदू जलक्षत्री व कृषक गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### भंवरपुर के यश ने 95% के साथ स्कूल में किया टॉप



**भंवरपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा विगत दिनों जारी किये गए कक्षा दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में जिले के सराईपाली ब्लॉक के ग्राम बालसी स्थित प्रतिभा पब्लिक स्कूल अंतर्गत कक्षा बारहवीं के वाणिज्य संकाय में अध्ययनरत ग्राम भंवरपुर के व्यवसायी सतीश कुमार अग्रवाल पुत्र यश अग्रवाल ने 95.4 फीसदी अंक लाकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता, स्कूल व गांव का नाम रोशन किया है। यश आगे कॉमर्स की पढ़ाई जारी रखकर अपनी दीदी हनी अग्रवाल की तरह सीए बनना चाहते हैं। उन्होंने अपनी इस सफ़लता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। बता दें कि यश अग्रवाल शुरु से ही पढ़ाई में होशियार रहे हैं, उन्होंने विगत सभी कक्षाओं को अव्वल दर्जे से पास किया है। यश अग्रवाल कि इस सफ़लता से उनके परिजनों, समाजजनों, इष्टमित्रों व शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है।

## तेंदूकोना सशिमं का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूकोना के छात्र-छात्राओं का हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।

कक्षा दसवीं का परिणाम 9736 एवं बारहवी का 95 प्रतिशत रहा। दसवीं में कुल 38 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें से 37 उत्तीर्ण, एक छात्र अनुत्तीर्ण रहे। 29 प्रथम श्रेणी, 07 द्वितीय श्रेणी, कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान पर गुंजन सोनी पिता तिलक राम सोनी 83.83 प्रतिशत, द्वितीय स्थान विनय नायक पिता नरेश नायक 82.66 प्रतिशत, तृतीय स्थान धारणी पटेल पिता चुनेश्वर पटेल 82.33।

इसी प्रकार कक्षा बारहवीं में कुल 20 छात्रों में से 19 उत्तीर्ण हुए, 01 पूरक रहे। 08 प्रथम श्रेणी, 11 द्वितीय श्रेणी प्राप्त किया। जिसमें प्रथम स्थान पर वंदना दीवान पिता ईश्वर दीवान 83.6, द्वितीय भैया गौतम साहू पिता केवल दास साहू 79.4, तृतीय स्थान बहन अंजलि साहू पिता श्याम नारायण साहू 76 प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त आचार्य दीदी, विद्यालय प्रबंध समिति एवं पालक समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों ने हर्ष जताया है।

## बच्चों ने उठाया समर कैंप का लुत्फ, सीखीं गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यार्थियों के लिए समर कैंप का आयोजन 5 मई से 16 मई तक चलने के बाद समापन किया गया। समापन संस्था के प्राचार्य अमी रूफस एवं स्टॉफ, पालक की उपस्थिति में मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं उनके समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रमोद कुमार कन्नौजे, जीआर टांडेकर, विकास यादव, डी बसंत साव उपस्थित थे।

प्राचार्य अमी रूफस ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि समर कैंप का भरपूर लाभ लिया है, समर कैंप में जो भी सीखा है, उसको आगे



निरंतर बनाये रखें। अपने-अपने घरों में प्रतिदिन सुबह योगा, मैडिटेसन करें। समर कैंप में विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों से पारंगत हुए। जिसमें मुख्य रूप से योग, म्यूजिक एण्ड डांस, खेल एवं गेम्स, आर्ट एवं क्राफ्ट, वैदिग गणित, ऑरगेमी, क्ले आर्ट, सुडोकू, फंडामेंटल ऑफ कंप्यूटर, पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट, मेंहदी, रंगोली बनाना सीखा। सभी प्रतिभागियों को संस्था की ओर से प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। समर कैंप में संस्था के शिक्षक आकांक्षा जैन, नेहा सिंह, अंशुमाला बारिक, रौनक अग्रवाल, ऋतुराज देवांगन, अंजू चंद्राकर, ध्रुति श्रीवास्तव, पूर्णिमा चंद्राकर, प्रेम यादव, मनीषा कन्नौजे, अंजलि कहार के द्वारा समर कैंप का संचालन किया गया। समापन कार्यक्रम का संचालन ध्रुति श्रीवास्तव ने किया एवं आभार प्रदर्शन नेहा सिंह ने किया। समर कैंप में संस्था के प्रकाश साहू, मोहन कन्नौजे, झम्मन साहू, दुर्गा मानिकपुरी, माहेश्वरी पटेल का भरपूर सहयोग मिला।

# एसोसिएशन ने कहाः विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण वापस हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला महासमुंद के जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी की अगुवाई एवं प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, जिला महासचिव शोभा सिंहदेव, प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ अर्चना तिवारी, जिला सचिव नंदकुमार साहू, जिला कोषाध्यक्ष विजय प्रधान, कार्यकारी जिलाध्यक्ष सादराम अजय, ब्लॉक अध्यक्ष महासमुंद राजेश साहू, बागबाहरा विनोद यादव, बसना गजेंद्र नायक, सरायपाली ललित साहू, मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा की विशिष्ट उपस्थिति में नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे से सौजन्य भेंट कर पुष्पगुच्छ से स्वागत कर जिला के शिक्षक संवर्ग के समस्याओं से अवगत कराते हुए निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग रखी।




प्रमुख मांगों में युक्तियुक्तकरण के पूर्व अर्हताधारी शिक्षक संवर्ग की पदोन्नति हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा जाए। शैक्षिक गुणवत्ता के लिए 2008 के सेटअप अनुसार यक्तियुक्तकरण किया जाए। युक्तियुक्तकरण के वर्तमान नियम में प्राथमिक और मिडिल विद्यालयों में 18-18 कालखंड के लिए प्राथमिक में 2 एवं मिडिल में 3 शिक्षक रखने का प्रावधान है, जो शिक्षा के गुणात्मक विकास के लिए उचित नहीं है, इसलिए मिडिल एवं प्राथमिक प्रधान पाठक पद को प्रशासनिक पद माना जाए तथा कालखंड अनुरूप मिडिल में कम से कम 4 एवं प्राथमिक में कम से कम 3 शिक्षक रखे जाए। ताकि, अध्यापन व्यवस्था मुख्यमंत्री के शैक्षिक गुणवत्ता के अनुरूप हो सके।

विद्यार्थियों की सुविधा के लिए पालकों के प्रस्तावानुरूप मापदंड निर्धारित कर प्राथमिक, मिडिल, हाई एवं हायर सेकेंडरी खोले गए हैं, अब कुछ विद्यालयों को मर्ज करने से स्कूल जाने वाले नवनिहालों को निश्चित रूप से कठिनाई होगी। अतः जिला में स्थापित विद्यालयों को मर्ज न किया जाए। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से संकुल समन्वयकों को मुक्त रखा जाए। जिला में एक ही पद पर 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षक संवर्ग का चिन्हाकन किया जाए एवं क्रमोन्नत वेतनमान देने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जाए। स

'विलियन पश्चात आज पर्यंत शिक्षक एलबी संवर्ग का जीपीएफ/सीजीपीएफ खाता का संधारण नहीं किया गया है। सेवा पुस्तिका संधारण तथा जीपीएफ पासबुक संधारण हेतु जिला के समस्त डीडीओ को निर्देशन पत्र जारी किया जाए। उच्च परीक्षा अनुमति के लिए सहायक शिक्षक/ शिक्षक संवर्ग को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से ही अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाए। पति-पत्नी आधार में पदांकित शिक्षक संवर्ग को युक्तियुक्तकरण से पृथक रखा जाए। संगठन के पदाधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार अतिशेष की श्रेणी में न रखा जाए। नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी लहरे ने समस्त मांगों को गंभीरता से सुनते हुए निराकरण के लिए अपने स्तर पर हर सम्भव प्रयास करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में देवेंद्र चंद्राकर, मनीष अवसरिया, पवन साहू, दानियल तांडी, ठंडाराम पटेल, कैलाश चंद्र पटेल, डी कमल भोई, लक्ष्मण दास मानिकपुरी सहित एसोसिएशन के जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारी सम्मिलित हुए। उक्ताशय की जानकारी जिला सचिव नंदकुमार साहू व जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी।


online Booking-www.tripuryatra.com



स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

03 जून, 22 जुलाई, 12 अगस्त, 09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर 2025 (10 दिन)

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)

11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411